निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ सलाहकार- परिवार नियोजन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

रिपोर्टिंग अधिकारीः उप-आयुक्त, परिवार नियोजन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।

भूमिका एवं दायित्वः

सलाहकार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के परिवार नियोजन प्रभाग में तैनात किया जाएगा और वह उप-आयुक्त, परिवार नियोजन के सीधे पर्यवेक्षण में कार्य करेगा। पद के विशिष्ट दायित्व निम्नानुसार हैं :-

- राज्य सरकारों को गुणवत्तापूर्ण टीए के प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित सभी कार्यकलाप करना, यह सुनिश्चित करना कि सम्पर्क एवं संभार तंत्र प्रबंधन सहित प्रशिक्षण/कार्यशालाएं स्थापित गुणवत्ता मापदंडों के अनुसार संचालित की जाती हैं।
- परिवार नियोजन प्रभाग के लिए तकनीकी अद्यतनों तथा नई प्रौद्योगिकी के अद्यतनीकरण में सहायता करना।
- परिवार नियोजन कार्यक्रमों के अनुमोदित बजटों की व्यय-पद्धतियों की निगरानी सहित राज्यों में परिवार नियोजन कार्यक्रमों की सम्पूर्ण निगरानी और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सामयिक निवारक कार्रवाई का सुझाव देना ताकि समस्याओं का पता लगने पर उन्हें दूर किया जा सके।
- अपेक्षित होने पर, समीक्षा बैठकों, वार्षिक रिपोर्टों, वार्षिक कार्य योजनाओं तथा प्रचार-प्रसार हेतु उच्च गुणवत्तापूर्ण विश्लेषित डेटा उपलब्ध कराना।
- एनएचएम के अंतर्गत देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की राज्य कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के परिवार नियोजन घटक का मूल्यांकन करना और उन्हें अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु उपयुक्त कार्रवाई सुझाना। यह सुनिश्चित करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करना कि संशोधनों को संशोधित पीआईपी में संतोषजनक ढंग से समाविष्ट कर लिया गया है।
- राज्यों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की राज्य स्वास्थ्य सोसायटियों, प्रशिक्षण संस्थाओं, तथा मेडिकल कॉलेजों के साथ सशक्त संबंधों का विकास और रखरखाव। प्रशिक्षण की निगरानी और प्रशिक्षण कैलेंडर का विकास करने में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करना तथा प्रशिक्षण कार्यकलापों पर अनुवर्ती कार्य करना।
- निष्पादन मानक मूल्यांकन संचालित करना और राज्य स्वास्थ्य विभाग से प्रशिक्षित सेवा प्रदाताओं तक प्रशिक्षणोत्तर सहायता के सभी पहलुओं का मूल्यांकन करना।
- राज्य एवं जिला स्तर पर डेटा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए स्थल पर डेटा सत्यापन और सहायक पर्यवेक्षण हेतु क्षेत्रगत कार्यकलापों की विशेषताओं एवं कमजोरियों की पहचान करने तथा निगरानी करने और सभी चालू प्रशिक्षणों की प्रणाली की निगरानी हेतु राज्यों/जिलों/केन्द्रों का आवधिक दौरा करना और पता लगाई गई कमजोरियों पर नियंत्रण रखने के उपायों पर विचार-विमर्श करना। यह सुनिश्चित करने के लिए सामयिक अनुवर्ती कार्रवाई करना कि सहमत कदमों को कार्यान्वित किया जाता है। इनकी रिपोर्ट तैयार करना और परिवार नियोजन प्रभाग के साथ साझा करना, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निवारक कार्रवाई का सुझाव देना और किए गए परिशोधनों हेतु अन्य अनुवर्ती कार्य करना।
- पर्यवेक्षक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कोई अन्य कार्य करना।

पात्रताः

- एमबीबीएस/ बीडीएस/ बीएचएमएस/ बीएएमएस/ बीपीटी+एमडी/ एमपीएच/ एमएचए/ स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए।
- जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में न्यूनतम 5+ वर्षों का अनुभव जिसमें से 2-3 वर्ष का अनुभव राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय सरकार में प्रजजन और बाल स्वास्थ्य में हो। एनएचएम/राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- भारतीय स्वास्थ्य प्रणालियों, मुख्य हितधारकों और संबंधित सरकारी नीतियों/कार्यनीतियों, विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से सुपरिचित हों।
- सशक्त महत्वपूर्ण विश्लेषण और रिपोर्ट लेखन कौशल होना अपेक्षित है।
- हिन्दी और अंग्रेजी में उत्कृष्ट अंतर-वैयक्तिक कौशल, मौखिक और लिखित संचार कौशल हो।

- कम्प्यूटर साक्षरता और आम तौर पर प्रयुक्त होन वाले पैकेजों जैसे एमएस वर्ड, एक्सेल और पावर प्वाइंट का उच्च स्तर का ज्ञान हो।
- प्रबंधन और क्षेत्रगत स्टॉफ के साथ सहयोग करने की प्रदर्शित क्षमता।
- कार्यों की समय सीमा कम होने के दबाव में विविध कार्यों को संभालने की क्षमता।
- व्यापक दौरे करने की इच्छा और क्षमता रखते हों।
- उच्च कोटि का प्रकाशित कार्य या विशिष्ट प्रासंगिक का कार्य अनुभव रखने वालों के लिए औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

आयु सीमा: आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख तक ऊपरी आयु सीमा 55 वर्ष और अधिक क्षेत्रीय दौरों को करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारीश्रमिक सीमाः 90,000/- रु. से 1,50,000/- रु. प्रति माह के बीच।

स्थानः नई दिल्ली। राज्यों तथा जिलों की यात्रा करने के लिए तैयार हों।

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **15-Sep-2020** तक rch.recruitment@gmail.com पर **केवल** ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।